भारत सरकार

रेल मंत्रालय

राज्य सभा

16.12.2022 के

अतारांकित प्रश्न सं. 1257 का उत्तर

रेलवे द्वारा आयोजित परीक्षाएँ

1257. श्री राम नाथ ठाकुरः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षो में रेलवे द्वारा स्थायी नियुक्तियों हेतु सम्पन्न करवाई गई परीक्षाओं का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) इनमें से कितनी परीक्षाओं का परिणाम समय पर नहीं आया है;

(ग) विगत 5 वर्षो में इनमें से कितनी परीक्षाओं को निरस्त कर दिया गया है; और

(घ) विगत पाँच वर्षो में मंत्रालय द्वारा कितने पदों को समाप्त कर दिया गया है और कितने पदों को समाप्त करने की कार्रवाई चल रही है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

s.k

रेलवे द्वारा आयोजित परीक्षाओं के संबंध में दिनांक 16.12.2022 को राज्य सभा में श्री राम नाथ ठाकुर के अतारांकित प्रश्न सं. 1257 के भाग (क) से (घ) के उत्तर से संबंधित **विवरण।**

(क): रेल मंत्रालय द्वारा पिछले पांच वर्षों में विभिन्न समूह 'ग' पदों (लेवल 1 और सुरक्षा संबंधी पदों सहित) के लिए जारी किए गए केंद्रीकृत रोजगार अधिसूचनाओं/रोजगार अधिसूचनाओं और स्थायी नियुक्ति के लिए आयोजित की गई परीक्षाओं का वर्ष-वार विवरण निम्नानुसार हैः

वर्ष	केंद्रीकृत रोजगार अधिसूचना/रोजगार अधिसूचना और पद का नाम
2016	रोजगार अधिसूचना 01/2016 कांस्टेबल (बैंड)
2017	कोई नई केंद्रीकृत रोजगार अधिसूचना/रोजगार अधिसूचना जारी नहीं की गई
2018	01/2018 सहायक लोको पायलट और तकनीशियन 02/2018 लेवल-1 में विभिन्न पद
	03/2018 कनिष्ठ इंजीनियर/डिपो सामग्री अधीक्षक/रसायन एवं धातुकर्म सहायक
	रोजगार अधिसूचना 01/2018 कांस्टेबल (एग्जीक्यूटिव) रोजगार अधिसूचना 02/2018 उप-निरीक्षक (एग्जीक्यूटिव)
	रोजगार अधिसूचना 03/2018 कांस्टेबल (अनुषंगी)
2019	02/2019 परा-चिकित्सीय कोटि
	03/2019 अनुसचिवीय एवं पृथक कोटि 01/2019 गैर तकनीकी लोकप्रिय कोटि (एनटीपीसी)-ग्रेजुएट एवं अंडर ग्रेजुएट लेवल
	आरआरसी-01/2019 लेवल-1 में विभिन्न पद

(ख): कोविड-19 संबंधी प्रतिबंधों और विभिन्न राज्यों द्वारा लगाए गए परिणामी लॉकडाउन के कारण परीक्षा की प्रक्रिया प्रभावित हुई थी। बहरहाल, आरआरबी परीक्षाएं आयोजित किए जाने के बाद परिणाम की घोषणा में कोई देरी नहीं हुई है।

(ग): पिछले पांच वर्षों के दौरान आरआरबी की किसी भी परीक्षा को रद्द नहीं किया गया है।

(घ): मंत्रालय द्वारा किसी पद को समाप्त नहीं किया गया है। बहरहाल, जनशक्ति आवश्यकता के आधार पर पदों का अभ्यर्पण और सृजन किया गया है। बदलते कार्यभार की परिस्थितियों, नई प्रौद्योगिकियों को अपनाने, कार्यप्रणाली और नई परिसंपत्तियों के निर्माण आदि को ध्यान में रखते हुए जनशक्ति योजना में स्वीकृत पदों की निरंतर समीक्षा की आवश्यकता होती है। यह प्रक्रिया भारतीय रेल को नए संगठनों और परिसंपत्तियों के लिए जनशक्ति तैनात करने में सक्षम बनाती है, ताकि इसके मानव संसाधनों का कुशल और लाभकारी तरीके से इष्टतम उपयोग किया जा सके।

******

s.k